भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2961
(जिसका उत्तर मंगलवार, दिनांक 19 अगस्त, 2025 (28 श्रावण, 1947(शक) को दिया जाना है)

गोल्ड ईटीएफ

2961. श्री रामजी लाल सुमन:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच रहे हैं, जिसके कारण मध्यम और सीमांत वर्ग अपनी बेटियों की शादी जैसे अवसरों के लिए सोना खरीदने में अपने को असमर्थ पा रहा है; और

(ख) क्या सरकार भौतिक खरीदारों को सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए भौतिक सोने और गोल्ड ईटीएफ के लिए अलग-अलग दरें/नियम निर्धारित करने पर विचार करेगी?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख) : सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 में भारत में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) योजनाओं को शुरू करने और उनके प्रबंधन संबंधी दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट किए गए हैं और ऐसी योजनाओं के लिए भौतिक सोने और एक्सचेंज ट्रेडेड गोल्ड डेरिवेटिव्स में निवेश करना आवश्यक है। गोल्ड ईटीएफ की कीमत भौतिक सोने की कीमत पर निर्भर करती है और इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से वास्तविक बाजारों में सोने की कीमत में बदलाव के कारण होता है।

***